रजिस्टर्ड

राजस्थान सरकार
निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान, जयपुर

क्रमांक :– एफ.4(ई) (के–85/2011) अलेसे–III/ दिनांक :–

श्री कमल खन्ना पुत्र श्री विशन देव खन्ना,
2372, संत रविदास नगर,
गली नं0 3, भदवासीया,
जोधपुर–342007

**विषय** :– विभागीय आदेश संख्या 317/2012–13 दिनांक 19.03.2013 की अनुपालना में कार्यग्रहण करने बाबत्।

**प्रसंग** :– इस विभाग का पत्र क्रमांक 8050–53 दिनांक 24.07.2013 ।

विषयान्तर्गत लेख है कि आपकी नियुक्ति राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित लेखाकार/कनिष्ठ लेखाकार सीधी भर्ती संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा, 2011 में सफल घोषित किये जाने एवं आयोग की अनुशंषानुसार कनिष्ठ लेखाकार के रूप में विभागीय आदेश संख्या 317/2012–13 दिनांक 19.03.2013 के द्वारा नियुक्ति आदेश जारी कर कार्यालय कोषालय डूँगरपुर में क0लेखाकार के रिक्त पद पर नियुक्ति प्रदा्न करते हुए निर्देश दिये गये थे कि आप उक्त आदेश की प्राप्ति के 7 दिवस में पदस्थापन कार्यालय कोषालय, डूँगरपुर में निश्चित रूप से कार्यग्रहण/उपस्थिति देकर इस विभाग को सूचित करेंगे अन्यथा आपके नियुक्ति आदेश निरस्त करने की कार्यवाही की जावेगी। इसके पश्चात् विभागीय समसंख्यक पत्र क्रमांक 401 दिनांक 12.04.2013 द्वारा भी शीघ्र कार्यग्रहण करने हेतु रजिस्टर्ड पत्र से लिखा गया था किन्तु वह पत्र वापस लौट कर आ गया है। अतः आदेश जारी होने के लगभग 2 माह में भी आपने पदस्थापन कार्यालय में उपस्थिति/कार्यग्रहण नहीं किया है।

तत्पश्चात् आवेदन पत्र, प्राप्ति दिनांक 23.08.2013 के द्वारा आपने अपना स्वास्थ्य प्रतिकूल होने का उल्लेख करते हुए निर्धारित समयावधि में कार्यग्रहण करने में असमर्थ होने एवं रोग प्रमाण पत्र संलग्न कर कार्यग्रहण समयावधि को 15 दिवस तक बढ़ाने का अनुरोध किया है। अतः आपको दिनांक 19.09.2013 तक कार्यग्रहण हेतु अन्तिम अवसर देते हुए निर्देश दिये जाते हैं कि आप द्वारा उक्त दिवस तक कार्यग्रहण नहीं करने एवं कार्यग्रहण की सूचना प्राप्त नहीं होने पर आपके नियुक्ति आदेश स्वतः ही निरस्त समझे जावेंगे।

**(वीरबाला जोशी)**
**निदेशक**

क्रमांक :– एफ.4(ई) (के–85/2011) अलेसे–III/ 8872-75 दिनांक :– 9/9/13
**प्रतिलिपि** :– निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित है :–
1. श्री यू.आर. मीणा, उप प्रवर डाकपाल, प्रधान डाकघर, जोधपुर।
2. कोषाधिकारी, डूँगरपुर को श्री कमल खन्ना की कार्यग्रहण रिपोर्ट भिजवाने हेतु प्रेषित है।
3. कम्प्यूटर शाखा (वेबसाईट हेतु)।

**(जुगल किशोर शर्मा)**
**अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक–II)**